

थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते ज़िलाधिकारी, पुलिस उप-महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

# समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, दिए निस्तारण के आदेश

झाँसी : कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए ज़िलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि यह मुख्यमन्त्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक एवं समयबद्ध किया जाए।

उन्होंने राजस्व कर्मियों से कहा कि शासन की योजनाओं का क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करें, ताकि पात्र व्यक्ति को ही लाभ मिले। शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता का सन्तुष्ट होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भूमि पर अवैध क़ब्ज़ों से सम्बन्धित शिकायतों पर नाराज़गी व्यक्त करते हुये कहा कि सभी राजस्व कर्मी अपने कार्यों में रुचि लें और क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सेक्टर आदि की स्वयं नाप करें। डीएम ने कहा कि किसी भी धार्मिक जुलूस में शस्त्र प्रदर्शन न हो। यदि ऐसा होता पाया जाए तो सम्बन्धित के ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही करें। इस मौके पर एसएसपी शिवहरी मीणा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तुलसीराम पाण्डेय के अलावा कानूनगो, लेखपाल व अन्य राजस्व कर्मी सहित शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

## अचानक पहुँचे डीआइजी

थाना दिवस में अचानक पहुँचे डीआइजी जोगेन्दर कुमार ने अनेक शिकायतकर्ताओं से बातचीत की और उनका समय से निस्तारण करने के आदेश दिए।